# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी , प्रारंभिक शिक्षा , जोधपुर

B.4

## प्रमाण - पत्र

सरस्वती इन्टरनेशनल ट्रस्ट ,लहरिया होटल के पास ,चौपासनी बाईपास रोड़,जोधपुर(संस्था का नाम ) द्वारा संचालित,संस्कार इन्टरनेशनल स्कूल,लहरिया होटल के पास,चौपासनी बाईपास रोड़,जोधपुर (विद्यालय का नाम ) को राजस्थान राज्य में सबके लिए शिक्षा के लक्ष्य एवम् गैर सरकारी संस्थाओं को लक्ष्य प्राप्ति के लिए निभाई जा रही भूमिका के दृष्टिगत राज्य सरकार के आदेश संख्या :- प0(68) शिक्षा-5/2004 पार्ट जयपुर दिनाँक 01.02.2006 के अनुसरण में संस्था को निम्न आधार पर उच्च प्राथमिक ( माध्यम - ~~हिन्दी~~ / अंग्रेजी ) स्तर पर मान्यता दी हुई माने जाने का प्रमाण - पत्र सत्र 2006 - 07 से जारी किया जाता है ।

(1) संस्था द्वारा प्रस्तुत राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था नियम 1993 के परिशिष्ठ - 1 में अंकित सूचनाएं परिशिष्ठ-2 में यथा निर्दिष्ठ निर्बन्धनों तथा शर्तो की पूर्ति एवमं इस बात के समर्थन में प्रस्तुत शपथ-पत्र अनुसार कमी पाये जाने पर जारी प्रमाण-पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जा सकता है।

(2) संस्था द्वारा राज्य सरकार,आयुक्त प्रारंभिक शिक्षा,निदेशक माध्यमिक शिक्षा,उप निदेशक माध्यमिक/ प्रारंभिक शिक्षा , जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक / प्रारंभिक शिक्षा एवमं ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले आदेशों , निर्देशों व अनुदेशों का तत्परता से पालन करने एवं उनसे समय-समय पर मांगी जाने वाली अन्य सूचनाएं उपलब्ध कराने हेतु संस्था पाबन्द होगी। अवमानना की स्थिति में जारी प्रमाण-पत्र प्रत्याहरित करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेगा ।

(3) संस्था के विद्यार्थी किसी अन्य गैर सरकारी शिक्षण संस्था अथवा सरकारी विद्यालय में प्रवेश हेतु पात्र होंगे , परन्तु इस प्रयोजनार्थ इन्हें संस्था द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा अथवा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित समान परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी ।

(4) राजस्थान सरकार के नवीन निर्देशानुसार प्रत्येक संस्था को प्रत्येक तीन वर्ष में अपने द्वारा संचालित विद्यालय भवन का 'भवन सुरक्षा प्रमाण - पत्र' मय ब्ल्यू प्रिंट के सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर सहित प्रस्तुत करना होगा ।

(5) राजस्थान गैर सरकारी शिक्षण संस्थान नियम 1993 के नियम 23 के अनुरूप कार्यकारिणी का निर्वाचन कर प्रमाणित प्रति इस कार्यालय को समय-समय पर प्रस्तुत करनी होगी ।

जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारंभिक शिक्षा ,जोधपुर
दिनाँक :- 29/3/06

Reg. NO: → क्रमांक :- जिशिअ/प्राशि/जोध/मान्यता/06/ F77 /113

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ :-

(1) श्रीमान् आयुक्त , प्रारंभिक शिक्षा , राजस्थान , बीकानेर ।
(2) श्रीमान् उप निदेशक , प्रारंभिक शिक्षा , जोधपुर मंडल , जोधपुर ।
(3) श्रीमान् ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी , पंचायत समिति ............. , जोधपुर ।
(4) संस्था सचिव , सरस्वती इन्टरनेशनल ट्रस्ट ,लहरिया होटल के पास ,चौपासनी बाईपास रोड़,जोधपुर ।
(5) रक्षक पत्रावली

जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारंभिक शिक्षा ,जोधपुर

For SANSKAR INTERNATIONAL SCHOOL
MANAGER

PRINCIPAL
SANSKAR INTERNATIONAL SCHOOL
JODHPUR